NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

NAVBHARAT TIMES, Delhi, 1.10.2022
Page No. 3, Size:(20.23)cms X (17.20)cms.

बुलेट ट्रेन के लिए साबरमती में बन रहा है देश का पहला मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब

Veerendra.Kumar@timesgroup.com

साबरमती : बुलेट ट्रेन के लिए गुजरात के साबरमती में देश का पहला मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब बन रहा है। खास बात यह है कि इस हब से जहां बुलेट ट्रेन जुड़ेगी वहीं, रेल, मेट्रो, बीआरटी, बसें, टैक्सी और थ्री वीलर भी यहां से मिलेंगे। आम लोग भी अपनी गाड़ियां पार्क कर सकेंगे।

मुंबई-अहमदाबाद के बीच दौड़ने वाली बुलेट ट्रेन के लिए साबरमती बुलेट ट्रेन का पहला स्टेशन होगा। हब का 85 फीसदी सिविल वर्क पूरा हो चुका है। अहमदाबाद बुलेट ट्रेन के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण कुमार सिंह के मुताबिक, हब को अगले साल तक फरवरी तक शुरू करने की योजना है। मेट्रो की लाइन भी शुरू हो रही है। कनेक्टिविटी के लिहाज से इसे फरवरी तक शुरू कर दिया जाएगा। इस ट्रांसपोर्ट हब से रोज करीब 40 हजार से 60 हजार लोगों के फुटफॉल की संभावना है।

दांडी मार्च म्यूरल: साबरमती मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब की इमारत के फ्रंट पर दांडी मार्च यात्रा को दर्शाने वाला एक स्टेनलेस स्टील का म्यूरल बनाया गया है। लोग इस हब तक पहुंचेंगे, तो उन्हें यह ऐतिहासिक दांडी मार्च की यात्रा की याद दिलाएगा।

साबरमती मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब की खासियत: हब के लिए दो जुड़वा बिल्डिंग में एक ग्राउंड के साथ 7 मंजिली और दूसरी ग्राउंड के साथ 9 मंजिल बनाई गई है। इस इमारत के अंदर दुकानों से लेकर, होटल, ऑफिस सहित कई तरह के कमर्शल स्पेस हैं। एक-दूसरे से कनेक्टिविटी के लिए 3 फुट ओवर ब्रिज बनाए जा रहे हैं। पहला एफओबी हब बिल्डिंग को साबरमती रेलवे स्टेशन और बुलेट ट्रेन के स्टेशन को जोड़ेगा। एफओबी पर ट्रैवललेटर लगाए जाएंगे, ताकि यात्री आसानी से मंजिल तक पहुंच सकें। दूसरा एफओबी हब के कॉनकोर्स को मेट्रो स्टेशन और बीआरटी को जोड़ेगा। तीसरा एफओबी बुलेट ट्रेन स्टेशनके कॉनकोर्स को साबरमती के ब्रॉड गेज रेलवे स्टेशन के रेलवे प्लैटफॉर्म को जोड़ेगा।

1500 गाड़ियों के लिए पार्किंग

इस हब में 1500 गाड़ियों की पार्किंग की जगह होगी। पैसेंजर किसी भी ट्रांसपोर्ट में सफर करना चाहें, वे अपनी गाड़ियां आसानी से पार्क कर सकेंगे। पार्किंग बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर पर बनाई गई हैं। हब में इस बात का खयाल रखा गया है कि ट्रैफिक और भीड़-भाड़ न हो।